भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

सैन्य कार्य विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1953

21 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

भर्ती में देरी

1953. श्री विशम्भर प्रसाद निषाद:

श्री राम नाथ ठाकुर:

चौधरी सुखराम सिंह यादव:

श्रीमती छाया वर्मा :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोरोना(कोविड-19) काल के दौरान सैन्य क्षेत्र की कितनी भर्तियां नहीं निकलीं जिसके कारण नौजवानों को सेना में शामिल होने का अवसर नहीं मिल सका;

(ख) क्या विगत तीन वर्षों में सेना में जाने के इच्छुक कितने नौजवान भर्तियां न होने के कारण अधिकतम आयु सीमा पार कर चुके हैं, यह पता लगाने के लिए कोई अध्ययन करवाया गया है; और

(ग) क्या सरकार नियमों में छूट देकर विगत तीन वर्षों के दौरान अधिकतम आयु सीमा पार कर चुके नौजवानों, जो सेना में जाने के इच्छुक हैं, उन्हें सेना में भर्ती होने का अवसर प्रदान करने पर विचार करेगी ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) **भारतीय थल सेना:**

देश में विद्यमान कोविड-19 की स्थिति के कारण थल सेना भर्ती कार्यालयों(एआरओ)/क्षेत्रीय भर्ती कार्यालयों(जेडआरओ) द्वारा योजनाबद्ध सभी भर्ती रैलियां अगले आदेशों तक निलंबित कर दी गई हैं । भर्ती वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए भर्ती रैलियों का विवरण निम्नलिखित है:-

(i) भर्ती वर्ष 2020-21 में 97 भर्ती रैलियों की योजना तैयार की गई थी जिनमें से केवल 47 रैलियों का आयोजन किया जा सका । 47 भर्ती रैलियों में से भर्ती गतिविधियों के निलंबन से पहले केवल 4 रैलियों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा(सीईई) का आयोजन किया जा सका ।

(ii) भर्ती वर्ष 2021-22 में 87 भर्ती रैलियों की योजना तैयार की गई थी जिनमें से अब तक केवल 4 रैलियों का आयोजन किया जा सका है और किसी भी सीईई का आयोजन नहीं किया जा सका ।

भारतीय नौसेना:

भारतीय नौसेना रिक्तियों को भरने के लिए वर्ष में दो बार अधिकारियों की नियुक्ति और नाविकों की भर्ती कर रही है । वर्ष 2020 के दौरान लॉकडाउन और कोविड-19 महामारी के कारण लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों के परिणामस्वरूप केवल 1 बार नाविकों की भर्ती की गई ।

भारतीय वायु सेना:

अधिकारी:

कोविड-19 की अवधि के दौरान अधिकारियों की चयन प्रक्रिया और नियुक्ति करने के संबंध में कोई रोक नहीं थी ।

एयरमेन:

(i)सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी के कारण देशव्यापी प्रतिबंधों को लागू करने की वजह से पूरे भारत में 19-23 मार्च, 2020 तक आयोजित होने वाली शिड्यूल्ड टैस्ट फॉर एयरमेन रिक्रूटमेंट(एसटीएआर) 01/2020 को अंतिम क्षण में स्थगित कर दिया गया था । तथापि,

कोविड-19 के प्रतिबंधों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अंतत :दिनांक 04 से 08 नवंबर, 2020 के बीच परीक्षा आयोजित की गई ।

(ii) सितंबर, 2020 में आयोजित होने वाला एसटीएआर 02/2020 कोविड-19 महामारी के कारण रद्द कर दिया गया था । तथापि, मार्च, 2021 से आरंभ होने वाले पाठ्यक्रम के लिए नामांकन की संख्या पूरी करने हेतु कोविड-19 के प्रतिबंधों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कुल 11 भर्ती रैलियां आयोजित की गईं ।

(iii)देश भर में कोविड-19 के मामलों की दूसरी लहर में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण दिनांक 18 से 24 अप्रैल, 2021 तक पूरे भारत में आयोजित होने वाला एसटीएआर 01/2021 रद्द कर दिया गया था । दिनांक कोविड-19 के प्रतिबंधों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 12 से 18 जुलाई, 2021 के बीच परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया ।

(ख) ऐसा कोई अध्ययन नहीं करवाया गया है । तथापि, भारतीय सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने के लिए पात्रता उम्र विभिन्न श्रेणियों में भर्ती हेतु पर्याप्त संख्या में अवसर प्रदान करती है।

(ग) भारतीय थल सेना और भारतीय वायु सेना द्वारा ऐसे किसी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया गया है । तथापि, भारतीय नौसेना ने कोविड-19 के परिणामस्वरूप वर्ष 2021 के प्रथम बैच के लिए भर्ती क्रम में एक विशेष मामले के रूप में उम्मीदवारों को उम्र में छह महीने की एक बारगी छूट प्रदान की है ।

****